एक नजर में

## कथा महोत्सव का पहला निमंत्रण खजराना गणेश को



**इंदौर**. शहर में पहली बार पांच दिवसीय व्यंकटेश बालाजी कथा का आयोजन 1 से 5 जून तक माहेश्वरी महिला संगठन संयोगितागंज के तत्वावधान में संपन्न होगी. अवंतिका पीठाधीश्वर रामानुजकोट के युवराज स्वामी डॉ माधव प्रपन्नाचार्य महाराज अपने श्रीमुख से इस विशिष्ट कथा का वाचन करेंगे. संस्था अध्यक्ष अर्चना भूतड़ा व राखी काबरा ने बताया कि आयोजन का प्रथम निमंत्रण विघ्नहर्ता गणेश भगवान के खजराना धाम को अर्पित किया गया एवं भगवान से कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो, यह प्रार्थना की गई. मंदिर में पंडित जी ने विधि विधान से पूजन करवाया एवं गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ भी किया. इस अवसर पर संस्था की विभा राठी, साधना मंडोवरा, कुसुम गिलड़ा, सुनीता नवाल, बिंदु हेड़ा, सुधा गोरानी, पल्लवी लखोटिया, अर्चना करवा, शीतल काबरा, अर्चना बाहेती भी मौजूद थी.

## रजत जयंती महोत्सव पर निकाली कलश यात्रा



**इंदौर**. ब्रह्माकुमारीज गांधीनगर सेवाकेंद्र की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं ब्रह्माकुमारीज संस्था से जुड़े भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कलश यात्रा के माध्यम से सभी ने जन-जन तक दिव्य संदेश पहुँचाया तथा आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया. कार्यक्रम में सेवाकेंद्र की संचालिका बीके शुभांगी दीदी ने पिछले 25 वर्षों में सेवाकेंद्र द्वारा की गई आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवाओं को साझा किया. जोनल इंचार्ज राजयोगिनी आरती दीदीजी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था का मूल उद्देश्य विश्व से कुरीतियों, दूषित संस्कारों, नकारात्मक विचारों एवं भ्रष्टाचार का अंत कर एक श्रेष्ठ, सुखी और पवित्र नए विश्व की स्थापना करना है. मुख्य अतिथि जस्टिस बी. डी. राठीजी ने कहा कि विश्व परिवर्तन का यह महान कार्य केवल परमात्मा ही कर सकते हैं, और आज परमात्मा ब्रह्माकुमारी बहनों को माध्यम बनाकर यह दिव्य कार्य करा रहे हैं. अरविंदो डेंटल केयर की डीन डॉक्टर कान्तेश्री, एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीवाल, पार्षद सुभाष सुनेरसिंह, फूलचंद पांडे जी, समाजसेवी सुरेश गुप्ताजी ने भी ब्रह्माकुमारीज संस्था के कार्यों की सराहना की.

## पशु पक्षियों के लिए बांटे सकोरे



**इंदौर**. भीषण गर्मी में इंसान ही नहीं, बेजुबान पक्षी भी प्यास से परेशान हैं. मैं सभी लोगों से विनम्र अपील करती हूं कि अपने घरों की छत, बालकनी या आंगन में पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे जरूर रखें. हमारी छोटी-सी कोशिश हजारों पक्षियों की जिंदगी बचा सकती है. यह बात शहर की टीवी अभिनेत्री एवं मॉडल सारिका दीक्षित ने मेघदूत गार्डन में पशु- पक्षियों के लिए सकोरे बांटते समय कही. मेघदूत गार्डन में आने वाले सभी लोगों ने पशु पक्षियों के जीवन को बचाने के लिए शपथ ली और यह विश्वास दिलाया कि हम इन सकोरों में जरूर पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी रखेंगे. सारिका दीक्षित हमेशा ही पशु पक्षियों और मानव सेवा के लिए तत्पर रहती है. उन्होंने कहा कि पशु पक्षी के बिना हमारे जीवन का आधार नहीं है. उनकी रक्षा करना प्रकृति की रक्षा करना है. अंत में सारिका ने कहा कि आइए, इस गर्मी में दया और संवेदनशीलता का परिचय दें और प्रकृति के इन सुंदर मेहमानों की प्यास बुझाने में अपना योगदान दें. बेज़ुबान जीव भी हमारी तरह इस धरती पर जीने का अधिकार रखते है, उनके प्रति संवेदनशील बनें और प्रकृति का संतुलन बनाए रखें.

## राजेंद्र जैन महिला परिषद् पूर्वी क्षेत्र की साधारण सभा



**इंदौर**. अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला परिषद् पूर्वी क्षेत्र इंदौर की साधारण सभा तिलक नगर स्थित त्रिस्तुतिक उपाश्रय में संपन्न हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ हुआ, तत्पश्चात गत बैठक के मिनट्स का वाचन एवं सदस्यों के लिए तम्बोला कार्यक्रम आयोजित किया गया. सभा में वर्ष 2026-28 के लिए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें प्रिया राजेश जैन युवा को अध्यक्ष तथा स्नेहलता डुंगरवाल को सचिव पद पर निर्वाचित किया गया. बैठक में आगामी द्वि-शताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास 2026, इंदौर को सफल बनाने हेतु महिला परिषद् की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई एवं विभिन्न जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गईं. इस अवसर पर राखी रांका ने अपने उद्बोधन में परिषद् की भावी योजनाओं एवं महिला शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के अंत में अलका सुराणा ने आभार व्यक्त किया. सभा में निवर्तमान अध्यक्ष श्वेता सोनगरा सहित सुभद्रा सकलेचा, सुभद्रा लुंकड़, सुनीता जैन, मधु पोखरना, अनीता जैन एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे.

## धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव



**इंदौर**. भगवान कृष्ण ने समाज की राक्षसी प्रवृत्तियों के नाश के लिए ही अवतार लिया. दुनिया के सारे विवाद वहां पैदा होते हैं जहाँ मर्यादा की लक्ष्मण रेखा लांघी जाती है. कृष्ण और राम के चरित्र आज हजारों वर्ष बाद भी वन्दनीय और पूजनीय बन्दे हुए हैं क्योंकि समाज के गौरव और अस्मिता को बढाने तथा दुष्टों का नाश कर भक्तों की रक्षा करने का संकल्प आज भी हमें अनुभूत होता है. श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में अग्रवाल धर्मशाला, वाय एन रोड पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. नंद में आनंद भयो जय कन्हैयालाल की卐 भजन पर समूचा कथा स्थल नाच उठा. पंचायत के अध्यक्ष गोविन्द गर्ग, मंत्री सुशील अग्रवाल, संयोजक राजेश अग्रवाल, अर्पण गर्ग एवं उमेश मंगल ने बताया कि पंचायत की ओर से व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान श्यामा-नरेश मित्तल, संजय बांकडा, कैलाश काका, विनोद मंगल, विक्की मित्तल, शिव खंडेलवाल, प्रमोद तिवारी आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष गोयल एवं अशोक अग्रवाल, सतीश मंगल, सुभाष अग्रवाल, ने की.

# इंदौर पुलिस हो गई हाईटेक, अब टैबलेट से मौके पर ही जुटेंगे पुख्ता सबूत

- ई-विवेचना से केस की जांच होगी तेज, फाइलों का झंझट कम



**इंदौर.** पुलिस अब पुराने तरीके छोड़कर पूरी तरह डिजिटलाइजेशन जांच की ओर बढ़ रही है. विवेचना अधिकारियों को दिए गए टैबलेट से अब मौके पर ही सबूत जुटाए जाएंगे और केस की पूरी कार्रवाई ऑनलाइन दर्ज होगी.

दरअसल, अब तक पुलिस को किसी भी केस में सबूत जुटाने के लिए फोटो, वीडियो, दस्तावेज अलग-अलग तरीके से इकट्ठा कर बाद में फाइल में जोड़ना पड़ता था. इसमें समय भी लगता था और कई बार सबूत सुरक्षित रखना भी चुनौती होता था. अब टैबलेट के जरिए मौके पर ही फोटो, वीडियो, लोकेशन और अन्य डिजिटल सबूत सीधे सिस्टम में अपलोड किए जाएंगे. इसे ही आसान भाषा में साक्ष्य संकलन कहा जा रहा है.

वहीं ई-विवेचना का मतलब है कि पूरे केस की जांच प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी. यानी केस डायरी लिखने से लेकर गवाहों के बयान, सबूतों का रिकॉर्ड और कार्रवाई की पूरी जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज की जाएगी. इससे कागजी काम कम होगा और जांच में पारदर्शिता बढ़ेगी. पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने बताया कि अब जांच अधिकारी मौके से ही जानकारी अपडेट कर सकेंगे. इससे केस में होने वाली देरी में कमी आएगी और हर कार्रवाई का डिजिटल रिकॉर्ड रहेगा, जिसे बाद में आसानी से जांचा जा सकेगा. इस सिस्टम से न सिर्फ जांच तेज होगी, बल्कि सबूत मजबूत होंगे और कोर्ट में केस भी ज्यादा प्रभावी तरीके से पेश किए जा सकेंगे.

### ये हैं फायदे और चुनौतियां...

नई व्यवस्था लागू होने के बाद पुलिस को मौके पर ही फोटो, वीडियो और लोकेशन के साथ पुख्ता सबूत जुटाने में आसानी होगी, जिससे जांच की गति बढ़ेगी और केस डायरी तुरंत अपडेट हो सकेगी. डिजिटल साक्ष्य होने से सबूतों के गुम होने या छेड़छाड़ की आशंका भी कम होगी और वरिष्ठ अधिकारी कभी भी ऑनलाइन जांच की निगरानी कर सकेंगे. इससे कोर्ट में भी मजबूत तरीके से साक्ष्य पेश करना आसान होगा. हालांकि इसके साथ कुछ चुनौतियां भी सामने आएंगी. नेटवर्क या तकनीकी दिक्कत आने पर काम प्रभावित हो सकता है. साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को तकनीक में दक्ष बनाना जरूरी होगा. डिजिटल डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखना भी बड़ी जिम्मेदारी रहेगी. इसके अलावा टैबलेट के रखरखाव और सही उपयोग पर ही इस व्यवस्था की सफलता निर्भर करेगी.

# पहले गोली चलने से इंकार करती रही पुलिस, अब माना

- वाइन शॉप के बाहर किया था हवाई फायर
- सीसीटीवी फुटेज और जांच में हुआ खुलासा
- भीड़ के बीच अज्ञात बदमाश ने चलाई थी गोली

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राजेंद्र नगर क्षेत्र स्थित चौइथराम वाइन शॉप के बाहर बुधवार देर रात हुई फायरिंग की घटना में पुलिस पहले गोली चलने की बात से इंकार करती रही, लेकिन अब सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने खुद मामला दर्ज कर हवाई फायरिंग होना स्वीकार किया है.**

जानकारी के मुताबिक, बुधवार रात चोइथराम चौराहा स्थित वाइन शॉप के बाहर काफी भीड़ लगी हुई थी. इसी दौरान किसी अज्ञात युवक ने लापरवाहीपूर्वक हवाई फायर कर दिया. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था. हालांकि शुरुआत में पुलिस ने गोली चलने की घटना से साफ इंकार किया था, लेकिन बाद में मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालने पर फायरिंग की पुष्टि हुई. राजेंद्र नगर थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक बनसिंह जमरा की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि गुरुवार 28 मई की रात सूचना की तस्दीक के दौरान चौइथराम वाइन शॉप पर लगे कैमरों की जांच की गई. फुटेज में भीड़ के बीच एक अज्ञात व्यक्ति हवाई फायर करते हुए दिखाई दिया. पुलिस ने माना कि आरोपी की इस हरकत से आसपास मौजूद लोगों की जान खतरे में पड़ गई थी. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# 7 दिन में 880 बसों पर कार्रवाई, कई में फर्स्ट एड नहीं, फायर सिस्टम फेल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. यातायात पुलिस ने 7 दिन के विशेष अभियान में 880 यात्री बसों की जांच कर बड़ी संख्या में खामियां उजागर की हैं. कई बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और फायर उपकरण खराब या एक्सपायर मिले. इस पर चालानी कार्रवाई कर समन शुल्क भी वसूला गया.**

21 से 27 मई तक चलाए गए अभियान में यातायात पुलिस ने शहर के चारों जोन में कार्रवाई करते हुए 880 बसों की जांच की और चालानी कार्रवाई कर जरूरी सुधार करवाए. औसतन हर दिन सवा सौ से ज्यादा बसों पर कार्रवाई की गई और समन शुल्क भी वसूला गया. जांच में सामने आया कि एक चौथाई से ज्यादा बसों में फर्स्ट एड बॉक्स सही हालत में नहीं थे, जबकि कई बसों में फायर सेफ्टी उपकरण खराब या एक्सपायर पाए गए. यह लापरवाही यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानी जा रही है.

### अभियान खत्म, पर बसों की जांच जारी रहेगी

अधिकारियों के मुताबिक भले ही विशेष अभियान समाप्त हो गया हो, लेकिन बसों की जांच आगे भी जारी रहेगी. अगली कड़ी में स्कूल खुलने के बाद स्कूल बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. वहीं दूसरी ओर रेडिसन चौराहे और रिंग रोड पर लंबी दूरी की बसों का दबाव अभी भी बना हुआ है. सुबह शाम यहां बसों के रुकने और सवारियों को उतारने-चढ़ाने से जाम की स्थिति बन रही है. स्टार चौराहे पर भी यातायात दबाव बढ़ने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं.

# महू में गोवंश काटने की सूचना पर बवाल



**महू.** शुक्रवार को गोवंश कटने की सूचना के बाद नगर में माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया. महू कोतवाली थाना क्षेत्र की बंडा बस्ती में अवैध बूचड़खाने में गोवंश काटे जाने की जानकारी मिलते ही बजरंग दल कार्यकर्ता और पुलिस टीम मौके पर पहुंची. प्रारंभिक जांच में आधा दर्जन से अधिक गोवंश काटे जाने की बात सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी.

जानकारी के अनुसार, घटनास्थल से गोवंश के अवशेष हटाने के लिए कैंटोनमेंट बोर्ड की गाड़ी भी मौके पर बुलाई गई थी. इसी दौरान इलाके में बड़ी संख्या में वर्ग विशेष के लोग एकत्र हो गए और पुलिसकर्मियों तथा कैंटोनमेंट बोर्ड के कर्मचारियों पर पथराव शुरू कर दिया. देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण बन गई. अचानक हुए पथराव से मौके पर अफरा-तफरी मच गई. पुलिस ने हालात को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल बुलाया और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी. घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है.

फिलहाल पुलिस ने आदतन अपराधी और बाड़ा संचालक इमरान खटखट के अलावा उसके साथी कादिर, हासिम और कल्ला के खिलाफ गोवध का प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में गोमांस जब्त किया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं पथराव में शामिल लोगों की पहचान भी की जा रही है. प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है.

**लगे अल्लाहु अकबर के नारे-** सूचना मिलते ही एसडीओपी ललित सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी राहुल शर्मा, मानपुर थाना प्रभारी महेंद्र मकाश्रे, किशनगंज थाना प्रभारी अमित कुमार सहित तहसील के सभी थानों का पुलिस बल बड़ी संख्या मौके पर पहुंच गया. तब तक बस्ती के लोग भीड़ के रूप जमा हो गए और अल्लाहु अकबर के नारे लगाने लगे. कुछ ही देर में एसडीएम राकेश परमार, तहसीलदार विवेक सोनी सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे. इसके बाद स्थिति नियंत्रण में आई.

### रासुका की कार्रवाई से आते ही फिर गोवध किया शुरू

गौरतलब है कि आरोपित इमरान खटखट आदतन अपराधी है. उस पर पूर्व में रासुका और जिलाबदर की कार्रवाई भी हो चुकी है. इमरान पर कुल 10 प्रकरण दर्ज हैं. इसमें से 6 प्रकरण गोवध, 3 मारपीट और एक आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज है. रासुका की कार्रवाई में इमरान साढ़े तीन माह की जेल भी काट चुका है.

# धर्म और मर्यादा की प्रतिमूर्ति हैं प्रभु राम : प्रपन्नाचार्य



**इंदौर.** प्रभु राम धर्म, मर्यादा और संस्कृति की शाश्वत मूर्ति हैं। जग में सुंदर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम. प्रभु राम भारत भूमि का चरित्र, शील, संयम, सदाचार, और नैतिकता हैं तो कृष्ण माधुर्य, दर्शन और मनीषी के प्रतिरूप हैं. धर्म से आनंद, वैभव और शांति की प्राप्ति होती है. धर्म वह नौका है जो हमें स्वर्ग लेकर जाएगी. चारों भाइयों के बीच समर्पण, त्याग और अपनत्व के उदाहरण बेमिसाल हैं. दुनिया के किसी अन्य ग्रन्थ और कथा में इस तरह के प्रेरक प्रसंग नहीं हैं. इसीलिए राम हर युग में वन्दनीय हैं.

श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात कथाकार पं. श्रीराम प्रपन्नाचार्य महाराज ने शुक्रवार को हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर अधिकमास के उपलक्ष्य में गत 22 मई से चल रहे हनुमत महायज्ञ एवं 23 मई से चल रही सात दिवसीय राम कथा के समापन अवसर पर विभिन्न प्रसंगों की भावपूर्ण व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. कथा में वृन्दावन से आए भजन गायकों एवं संगीतज्ञों की प्रस्तुतियों ने आज भी भक्तों को मंत्रमुग्ध बनाकर थिरकाए रखा. कथा शुभारंभ के पूर्व आश्रम के अधिष्ठाता महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, गोपाल गोयल, डॉ. सुरेश चोपड़ा, ललित अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, मुकेश जैन, विजय सिंह राणा, ओमप्रकाश अग्रवाल, संतोष कुमार सिंह आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया.

### हनुमत महायज्ञ की पूर्णाहुति

आश्रम पर महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य एवं यज्ञाचार्य पं. ललित पाठक के निर्देशन में 51 विद्वानों द्वारा प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 1.30 बजे तक आश्रम परिसर में निर्मित यज्ञशाला में चल रहे हनुमत महायज्ञ की पूर्णाहुति सौल्लास सम्पन्न हुई. समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, गोपाल गोयल, डॉ. सुरेश चोपड़ा, ललित अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, मुकेश जैन, विजय सिंह राणा, ओमप्रकाश अग्रवाल, संतोष कुमार सिंह के आतिथ्य में जैसे ही दोपहर में 12 लाख 80 हजारवीं आहुति डाली गई, समूची यज्ञशाला एवं हरिधाम परिसर यज्ञनारायण के जयघोष से गूंज उठे.

# भगवान हमें मुक्त करते हैं सभी कष्टों से

**इंदौर.** परमात्मा ही हमारे सच्चे पिता है इसलिए हम उनको परमपिता कहते है। भगवान की कृपा से ही हमारा जीवन चलता है और वो ही हमें सभी कष्टों से मुक्त करते हैं. परमात्मा हमेशा साथ में रहते है, कभी भी साथ नहीं छोड़ते है, इसलिए भगवान के जैसा उपकारी कोई और नहीं है. उक्त विचार सत्संग भवन उषानगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए स्वामी रामप्रसाद महाराज ने व्यक्त किए. द्वितीय दिवस की कथा में व्यास और नारद के संवाद की चर्चा करते हुए आपने सत्संग का महत्त्व बताया कि सच्चे संतो के संग से एक दासी का बेटा भी देवर्षि बन सकता है. परीक्षित श्राप की कथा श्रवण करवाते हुए आपने बताया कि किसी भी चीज का अहंकार अच्छा नहीं है.

परीक्षित ने एक संत के सामने अहंकार किया जिसके परिणाम से उनको मृत्यु का श्राप मिला. सबकी मृत्यु सात दिन में ही होती है. आपने कथा में विदुर एवं मैत्रेय संवाद के साथ कपिल देवहूति संवाद की विस्तार से चर्चा की.

# परिवार, समाज को प्रभावित करने वाली सार्वजनिक चुनौती बनी तंबाकू



**इंदौर. तंबाकू केवल एक व्यक्तिगत आदत नहीं बल्कि परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करने वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू दुनिया भर में हर वर्ष 70 लाख से अधिक लोगों की जान लेता है, जिनमें सेकेंड हैंड स्मोक यानी दूसरों के धुएं से प्रभावित लोग भी शामिल हैं. भारत में तंबाकू सेवन हर वर्ष लगभग 13.5 लाख मौतों का कारण बनता है।**

यह बात विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता चर्चा में विशेषज्ञों ने कही. इस अवसर मेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर, कैंसर केयर डॉ. अमेय बिहानी ने कहा ।तंबाकू से जुड़ी बीमारियों की सबसे बड़ी त्रासदी यही है कि लोग शुरुआत में इसे गंभीरता से नहीं लेते. मुंह में न भरने वाला घाव, सफेद या लाल चकत्ते, लगातार खांसी, निगलने में परेशानी, आवाज में बदलाव या अचानक वजन कम होना जैसे संकेत शरीर की चेतावनी हो सकते हैं. शुरुआती अवस्था में पहचान होने पर कई प्रकार के कैंसर का उपचार सफलतापूर्वक संभव है. हम चाहते हैं कि लोग बीमारी आने का इंतजार न करें, बल्कि रोकथाम को प्राथमिकता दें. विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू का असर केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं रहता. यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है. कंसल्टेंट- मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. प्रांजिल मांडलोई, ने कहा कि कैंसर केवल मेडिकल चुनौती नहीं बल्कि एक सामाजिक और भावनात्मक संघर्ष भी है. तंबाकू के खिलाफ जागरूकता केवल अभियान नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है. डॉ. संजय गीद, मेडिकल डायरेक्टर ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा में कैंसर उपचार तेजी से विकसित हुआ है और अब मरीजों को अधिक सटीक, व्यक्तिगत और बहु-विषयक उपचार उपलब्ध हैं.

# मध्यप्रदेश लीग में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी जबलपुर रॉयल लायंस



**इंदौर.** मध्य प्रदेश लीग के बहुप्रतीक्षित नए सीजन के करीब आते ही जबलपुर रॉयल लायंस नए आत्मविश्वास, मजबूत तैयारियों और इस वर्ष प्रभावशाली प्रदर्शन के स्पष्ट इरादे के साथ टूर्नामेंट में उतरने जा रही है. संतुलित टीम संयोजन, अनुभवी सपोर्ट स्टाफ और निडर खेल शैली के दम पर फ्रेंचाइजी को भरोसा है कि यह उसका अब तक का सबसे मजबूत अभियान साबित हो सकता है.

सीजन से पहले इंदौर में टीम की तैयारी और मानसिकता पर विश्वास जताते हुए सीनियर ऑलराउंडर राहुल बाथम ने कहा टीम के भीतर तैयारियां, मानसिकता और ऊर्जा बेहद सकारात्मक हैं. हमने ऐसी टीम तैयार की है जिसमें प्रतिभा, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन करने की भूख है. हमारा उद्देश्य केवल भाग लेना नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान बनाना, निडर क्रिकेट खेलना और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करना है. यह जबलपुर रॉयल लायंस का अब तक का सर्वश्रेष्ठ सीजन होगा, क्योंकि हम शेरों की तरह खेलेंगे और चैंपियंस की तरह जीतेंगे. इस सीजन की टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का शानदार संतुलन देखने को मिलेगा. हेड कोच आनंद राजन का मानना है कि यही संयोजन टीम की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी साबित होगा. हमने एक मजबूत टीम संस्कृति विकसित करने पर कड़ी मेहनत की है, जहाँ अनुशासन, तैयारी और उसे मैदान पर प्रभावी ढंग से लागू करना सबसे महत्वपूर्ण है. जबलपुर रॉयल लायंस के प्रमोटरों की ओर से वीकॉर्प के जनरल मैनेजर लव मलिक ने कहा टीम संतुलित है और खिलाड़ी एक-दूसरे के पूरक हैं. यह युवा ऊर्जा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है.

एक नजर में

**गीता भवन में स्वामी भास्करानंद के सानिध्य में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का उत्सव, आज फूलों की होली**

# दया, करुणा और परमार्थ जैसे गुण ही हमें मानव से महामानव बनाएंगे



**इंदौर.** भारतीय संस्कृति में विवाह ही वह व्यवस्था है जो समाज को मर्यादा और शालीनता में बांधे हुए है. रुक्मणी विवाह भगवान का नारी के प्रति मंगलभाव का सूचक है. सोना, चांदी और पैसा तो चुराया जा सकता है लेकिन ज्ञान और भक्ति ऐसे अनमोल खजाने हैं, जिन्हें कोई नहीं चुरा सकता। धन का सबसे बड़ा सदुपयोग यही है कि वह जरूरतमंद लोगों की आँखों के आंसू पोछने के काम आए. जीवन में दया, करुणा और परमार्थ जैसे गुण ही हमें मानव से महामानव बना सकते हैं.

ये विचार हैं श्रीधाम वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के, जो उन्होंने शुक्रवार को गीता भवन सत्संग सभागृह में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के छठे दिन रुक्मणी विवाह सहित विभिन्न प्रसंगों के दौरान उपस्थित जन सैलाब को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए। कथा में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह का जबरदस्त उत्सव मनाया गया. वर-वधू पक्ष ने नाचते-गाते हुए बारात के रूप में एकदूसरे का स्वागत पुष्प वर्षा के बीच किया. साध्वी कृष्णानंद द्वारा के बधाई के मधुर गीतों की प्रस्तुतियों ने इस उत्साह को कई गुना अधिक उल्लास से भर दिया। वर-वधू ने एकदूजे को जैसे ही वरमाला पहनाई, सत्संग सभागृह भगवान के जयघोष से गूंज उठा. कथा शुभारंभ के पहले व्यासपीठ का पूजन प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल, समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विष्णु बिंदल, अविरल मंगल, राजेश जैन स्विफ्ट, अशोक ऐरन, गोपाल अग्रवाल, विकास अग्रवाल आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी अवनि-अनंत अग्रवाल, विनीता-अक्षत अग्रवाल, दीपचंद गर्ग मोमबत्ती, चंचल अग्रवाल आदि ने की. संयोजक संजय मंगल ने बताया कि कथा का समापन शनिवार 30 मई को दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक सुदामा चरित्र प्रसंग के पश्चात फूलों की होली के साथ होगा.

### खान-पान सात्विक होना चाहिए

महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद ने कथा के दौरान एकादशी व्रत की महिमा, हमारे शुद्ध और सात्विक भोजन के फायदों तथा अन्य परम्पराओं पर भी अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एकादशी मन को साधने का पर्व है, भोजन के बदले फलाहार या मिष्ठान का सेवन करने का नहीं. हमारा खानपान शुद्ध और सात्विक होना चाहिए. हम बाहर का भोजन ज्यादा खाने लगे हैं. बाजार में मिलने वाला चायनीज फ़ूड कहीं न कहीं मांसाहार वाला होता है इसलिए अपने आहार को शुद्ध और सात्विक बनाए रखें.